प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

11.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार ने चिट्टा मुक्त हिमाचल के लिए अनेक कदम उठाए हैं और इसके खिलाफ एंटी चिट्टा अभियान चलाया जा रहा है। आज शिमला में एक पत्रकार सम्मेलन में उन्होंने कहा कि ये अभियान एक सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि एक व्यापक जनआंदोलन बन चुका है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल देश का पहला राज्य है जहां पंचायत स्तर पर भी चिट्टा के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार चिट्टे में संलिप्त सरकारी कर्मचारियों के लिए कड़ी कार्रवाई कर रही है और अभी तक एक सौ 23 कर्मचारी इन गतिविधियों में संलिप्त पाए गए हैं, जिनमें से 31 को बर्खास्त कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के शिक्षण संस्थानों में चिट्टा मुक्त अभियान का दूसरा चरण एक जून से 20 अगस्त तक चलाया जाएगा।

चुनाव प्रचार

प्रदेश में चार नगर निगमों सहित 47 नगर निकायों के चुनाव को लेकर प्रचार अभियान तेज़ हो गया है। भाजपा व कांग्रेस दोनों ही राजनीतिक दल अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार कर समर्थन जुटाने में लगे हैं। सोलन नगर निगम की कुर्सी को बचाने के लिए कांग्रेस पूरा जोर लगा रही है। स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने आज सोलन में चुनाव प्रचार किया और रोड़ शो के माध्यम से वोट की अपील की। विनय कुमार ने दावा किया कि कांग्रेस को लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है और नगर निगम चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों की जीत होगी।

उधर कांग्रेस विधायक अजय सोलंकी ने दावा किया है कि नाहन क्षेत्र की चारों जिला परिषद सीटों पर कांग्रेस जीत दर्ज करेगी। वे आज नाहन क्षेत्र के त्रिलोकपुर और बनकला वार्ड से पार्टी प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल करने के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने पिछले 3 वर्षों में हर पंचायत में समान विकास कार्य करवाए हैं।

घनश्याम

पूर्व कर्मचारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने आरोप लगाया है कि प्रदेश सरकार 4 लाख पैंशनरों के पैंशन व भत्ते जारी नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 से 2021 के बीच सेवानिवृत्त कर्मियों को लीव इन कैशमैंट, ग्रैच्यूटी व अन्य भत्ते नहीं दिए गए हैं, जिससे उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। घनश्याम शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में कर्मचारियों व पैंशनरों की समस्याओं का समाधान करने की बात कही थी लेकिन अब सरकार इस तरफ ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार में वित्तीय प्रबंधन चरमरा गया है और महंगाई भत्ते की 15 फीसदी किश्तें लंबित पड़ी हैं।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में बीती रात अंधड़ सहित बारिश जबकि ऊंची चोटियों पर हिमपात हुआ है। ऊना ज़िले में तूफान के कारण बिजली के 8 सौ 86 ट्रांसफार्मर ठप हो गए हैं जिससे कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति ठप हो गई है।

———————————————